Total number of printed pages – 6 **XXII HIN 2(ii) /19(I)**

# 2019

# HINDI

## (Modern Indian Language)

**Full Marks : 100**

**Pass Marks : 33**

**Time : Three hours**

*साधारण निर्देश :*

(i) इस प्रश्न-पत्र के चार खण्ड हैं : क, ख, ग, घ।

(ii) प्रत्येक प्रश्न अनिवार्य है।

(iii) प्रत्येक प्रश्न के लिए निर्धारित अंक प्रश्न के सामने दिए गए हैं।

(iv) उत्तर देते समय प्रश्न-पत्र में दी गई प्रश्न-संख्या तथा निर्देशों का ध्यान रखिए।

ClassResult.in

### खण्ड – क

### (वाचन :10 अंक)

1. दोहा छन्द का लक्षण सोदाहरण लिखिए। 2

2. श्लेष अलंकार किसे कहते हैं ? सोदाहरण लिखिए। 2

*निर्देश :* प्रश्न-संख्या 3 से 6 तक के उत्तर एक-एक शब्द या शब्द-समूह या वाक्य में लिखिए।

3. सोरठा छन्द के प्रथम और तृतीय चरणों में कितनी मात्राएँ होती हैं ? 1

4. जहाँ उपमेय को उपमान से बढ़ाकर वर्णन किया जाता है वहाँ कौन-सा अलंकार होता है ? 1

5. यमक अलंकार का एक उदाहरण दीजिए। 1

6. कनक कनकते सौगुनी मादकता अधिकाय

वा खाए बौराय नर, वा खाए बा पाए बौराई ।ह्र– उपयुक्त पद में कौन-सा अलंकार निहित है ? 1

*निर्देश* : प्रश्न-संख्या 7 और 8 के उत्तर प्रश्नों के नीचे दिए गए संभावित विकल्पों में से सही उत्तर चुनकर कोष्ठक में दिए गए वर्ण को ही उत्तर-पुस्तिका में लिखिए ।

7. गुरु गोबिन्द दोऊ खड़े काके लागूँ पाँय । 1

बलिहरी गुरु आपने गोबिन्द दियो बताय ।।

– उपयुक्त पंक्तियों में कौन-सा छन्द निहित हे ?

(क) सोरठा (ख) दोहा

(ग) गीतिका (घ) हरिगीतिका

8. रहिमन पानी राखिए, बिन पानी सब सून । 1

पानी गए न ऊबेर, मोती मानस चून ।।

– उपर्युक्त पंक्ति में कौन-सा अलंकार निहित हे ?

(क) श्लेष (ख) रुपक

(ग) अतिशयोक्ति (घ) उपमा

ClassResult.in

**खण्ड –ख**

**(लेखन :15 अंक)**

9. मान लीजिए कि आप मणिपुर हिन्दी बिद्यापीठ के प्रधान अध्यापक हैं । यह भी मान लीजिए कि आपके विद्यालय में हिन्दी शिक्षक का एक पद खाली है । इस पद के लिए सुयोग्य उम्मीदबारों से आवेदन पत्र आमंत्रित करते हुए आप एक विज्ञापन निकालिए । 8

10. मान लीजिए कि आप 'जागृति' नामक एक दैनिक समाचार पत्र के सम्पादक हैं । पिछले साल, हर साल की तरह मणिपुर में 'शडाइ फेसटिभेल' सफलतापूर्वक मनाया गया है । इस सम्बन्ध में आप अपने समाचार-पत्र में छपाने लायक एक सम्पादकीय लोब लिखिए । 7

## खण्ड – ग

### (व्याकरण : 15 अंक)

***निर्देश*** : प्रश्न-संख्या 11 और 12 के उत्तर लगभग ***40-40*** शब्दों में दीजिए ।

11. समास की परिभाषा देते हुए इसके किन्हीं दो प्रकारो के उदाहरण दीजिए । 2+2=4

12. संधि किसे कहते हैं ? इसके कितने भेद होते हैं ? सोदाहरण लिखिए । 2+2=4

***निर्देश*** : प्रश्न-संख्या 13 से 17 तक के उत्तर **एक-एक** वाक्य या शब्द-समूह में दीजिए ।

13. 'वह निराश होकर घर से निकला' – इस सरल वाक्य को संयुक्त वाक्य में परिवर्तित कीजिए । 1

14. 'जो दयालु पुरुष होते हैं, वे ईमानदार होते है' – इस मिश्रित वाक्य को सरल वाक्य में परिवर्तित कीजिए । 1

15. 'तत्सव' शब्द का एक उदाहरण लिखिए । 1

16. 'चार दिन की चाँदनी' मुहावरे का अर्थ लिखिए । 1

ClassResult.in

17. 'अधजल गगरी छलकट जाय' लोकोक्ति का अर्थ लिखिए । 1

***निर्देश*** : प्रश्न-संख्या 18 से 19 के उत्तर प्रश्नों के नीचे दिए गए संभावित विकल्पों में से सही उत्तर चुनकर कोष्ठक में दिए गए वर्ण को ही उत्तर-पुस्तिका में लिखिए ।

18. 'एक मात्र सहारा होना' के लिए उपयुक्त मुहावरा कौन-सा है ? 1

    (क) कान भरना (ख) अंधे की लाठी

    (ग) लोहा लेना (घ) सिर पर कफन

19. 'दुहरा लाभ मिलना' का अर्थ निकालने के लिए उपयुक्त लोकोक्ति कौन-सी है ? 1

(क) एक पन्थ दो काज

(ख) एक हाथ से ताली नहीं बजती

(ग) आम के आम गुठली के दाम

(घ) कफन सिर पर बाँधे फिरना

## खण्ड – घ

### (साहित्य : 20 अंक)

20. नीचे लिखे पद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 7

(क) रहिमन गली है साँकरी, दूजो ना ठहरहिं
आपु अहै तो हरि नहीं, हरि तो आपुन नाहिं ॥

*अथवा*

(ख) ऐसी मूढ़ता या मन की।
परिहरि राम भगति सुर सरिता आस करत ओस कन की ॥

21. नीचे लिखे पद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 7

(क) कौन कह रहा वनजारों-सा सह जीवन बेकार है
मैं सब का हूँ, सब मेरे हैं, सब से मझको प्यार है ॥

ClassResult.in

*अथवा*

(ख) नए बने फुटपाथ के नीचे
एक अधेर बकुल का पेड़
जिसपर लगे हैं उम्र के दाग
दबा दिए जिसको फटे पैर ।

22. संगठित लुटेरों के देश में
मैं नवागंतुक हूँ
मेरा यही अपराध है ... ।

उपर्युक्त पंक्ति याँ किस कविता से उद्धृत की गई हैं ? 'लुटेरों के इस देशमें' का तात्पर्य क्या है? 'नवागंतुक' से किसका बोध होता है? 1+2+1=4

*निर्देश :* प्रश्न-संख्या 23 और 24 के उत्तर **एक-एक** वाक्य में लिखिए।

23. अजानिल कौन है ? 1

24. कामदेव कैसे भस्म हो गया ? 1

**(गद्य – 25 अंक)**

25. नीचे लिखे गद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 7

(क) जो शक्ति के मद में उन्मत्त है, असली काम तो उसका मद उतोरने और उसमें कतर्व्य-भावना का प्रकाश जगाना है ।

*अथवा*

(ख) संघर्ष ही में प्रतिभा को बल मिलता है, मनुष्य श्रेष्ठ से श्रेष्ठतर होता जाता है ।

*निर्देश :* प्रश्न-संख्या 26 और 27 के उत्तर लगभग ***40-40*** शब्दों में लिखिए।

ClassResult.in

26. असमीय जीवन में शंकरदेव का इतना महत्त्व क्यों है ? 4

27. किन्हीं ऐसे चार तरीकों का उदाहरण दीजिए जिन से एच. आई. वी. संचरित नहीं होता । 4

*निर्देश :* प्रश्न-संख्या 28 और 29 के उत्तर लगभग ***25-25*** शब्दों में लिखिए ।

28. सुनन्दा के मन में गुस्सा क्यो उठने लगा ? 2

29. असमीया लोगों का स्वभाव कैसा है ? 2

*निर्देश :* प्रश्न-संख्या 30 से 33 तक के उत्तर **एक-एक** वाक्य में लिखिए।

30. किसी जाति की पहचान किससे होती है? 1

31. 'चिन्तक का ख्याल आगे होता है,
आविस्कार का पीछे पीछे'
यह कथन किस पाठ से निकाला गया है? 1

32. किस प्रकार के खेल को 'मणिपुरी होकी' के नाम से भी जाना जाता है? 1

33. एडस का एक लक्षण लिखिए? 1

*निर्देश :* प्रश्न-संख्या 34 से 35 के उत्तर-प्रश्नों के नीचे दिए गए संभावित विकल्पों में से सही उत्तर चुनकर कोष्ठक में दिए गए वर्ण को ही उत्तर-पुस्तिका में लिखिए।

34. शंकरदेव किसका गुरू था? 1

(क) चैतन्य महाप्रभु (ख) शंकराचार्य

(ग) रामानन्द (घ) माघव देव

35. शगोल-कांजै के लिए दोनों दलों में कितने कितने खिलाड़ी होते हैं? 1

(क) पाँच-पाँच (ख) छः-छः

(ग) सात-सात (घ) नौ-नौ

**(पूरक पुस्तक – 15 अंक)**

ClassResult.in

36. 'विधाता' शीर्षक कहानी का सारांश लिखते हुए उस की विशेषताओं पर प्रकाश डालिए । 7

*अथवा*

'भारतीय संस्कृति एक मांलक' शीर्षक पाठ का एक वहुत ही संक्षिप्त वर्णन प्रस्तुत कीजिए ।

37. 'विज्ञान के चमत्कार ने मनुष्य जाति का कल्याण किया है।' – यह कथन कहाँ तक सही हैं? आप अपना मत दीजिए । 4

38. वैदिक संस्कृति की कुछ विशेषताएँ लिखिए । 4

---